HNA320

Total marks: 70

प्रश्न 1: निम्नलिखित में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर में लिखिए। **2x12=24**

1. बिकाश राय पात्र का 'कोर्ट मार्शल' नाटक में महत्व बताइए।
2. 'कोर्ट मार्शल' नाटक में क्या रामचंदर को न्याय मिलता है? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।
3. 'कोर्ट मार्शल' नाटक में किन–किन सामाजिक मुद्दों को उठाया गया है?

प्रश्न 2: निम्नलिखित में से किन्हीं 2 उद्धरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **2x08=16**

4. सेना का क्या, रामचंदर एशिया का रिकॉर्ड तोड़ सकता था। लेकिन इंटर–कमांड मुकाबलों से पहले ही यह हादसा हो गया। ही कुड हैव वन एशियन गोल्ड मेडल फ़ॉर अस। मेरी रेजिमेंट का रामचंदर, एशिया का सबसे तेज़ दौड़नेवाला रामचंदर!

5. सरकारी वकील मेजर पुरी ने ठीक कहा है – हम ऐसे समाज में रहते हैं जो कानून और व्यवस्था पर टिका है। और समाज में एक व्यक्ति के विरोध और विद्रोह के लिए कोई स्थान नहीं। बिल्कुल नहीं कोई स्थान। समाज ने, कानून ने, व्यवस्था ने विरोध प्रकट करने के लिए बना रखे हैं रास्ते। मीलों लंबे रास्ते। इन रास्तों पर चलना शुरु किया जा सकता है। लेकिन प्रश्न यह है कि विरोध प्रकट करने के ये रास्ते क्या कहीं पहुँचते भी है?

6. कैप्टन राय को किसी पर कीचड़ उछालने से रोका जाए। यह कोर्ट मार्शल कैप्टन कपूर की वाईफ़ की वजह से नहीं हो रहा है। सवार रामचंदर ने मर्डर, खून किया, इसलिए हो रहा है।

प्रश्न 3: निम्नलिखित में से किन्हीं 2 विषयों पर टिप्पणी लिखिए। **2x5=10**

7. स्वदेश दीपक का जीवन परिचय दीजिए।
8. मेजर अजय पुरी का चरित्र–चित्रण कीजिए।
9. क्या रामचंदर ने न्याय पाने के लिए हिंसा का सहारा लेकर सही किया है?

प्रश्न 4: निम्नलिखित परिच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए। **1x10=10**

10. No one is born hating another person because of the colour of his skin, or his background, or his religion. People must learn to hate, and if they can learn to hate, they can be taught to love, for love comes more naturally to the human heart than its opposite. Even in the grimmest times in prison, when my comrades and I were pushed

to our limits, I would see a glimmer of humanity in one of the guards, perhaps just for a second, but it was enough to reassure me and keep me going. Man's goodness is a flame that can be hidden but never extinguished.

In life, every man has twin obligations — obligations to his family, to his parents, to his wife and children; and he has an obligation to his people, his community, his country. In a civil and humane resilience, the ability to deal with any kind of hardship and recover from its effects pushed to our limits pushed to the last point in our ability to bear pain First Flight society, each man is able to fulfil those obligations according to his own inclinations and abilities.

प्रश्न 5: निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखिए। 1x10=10

11. 'काला गुलाब–सफेद गुलाब' कहानी में किन–किन समस्याओं का चित्रण किया गया है।

12. 'सलाम' कहानी में दलित संवेदना का चित्रण कीजिए।